मूल्य रु।. ५-०० मासिक

श्री स्वामिनारायण

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महीने की ११ तारीख • सलंग अंक ११९ • मार्च-२०१७

श्री नरनारायणदेव का १९५ वाँ पाटोत्सव



प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.

(१) फाल्गुन शुक्ल-३ को श्री नरनारायणदेव के पाटोत्सव के दिन श्री स्वामिनारायण म्युजियम का भी ६ठा वार्षिक प्रतिष्ठादिन मनाया गया, इस प्रसंग पर समूह महापूजा करते हुये प.पू. लालजी महाराजश्री तथा हरि भक्त । (२) कोटेश्वर श्री सहजानंद गुरुकुल में मूर्ति प्रतिष्ठा की आरती उतारते हुये प.पू. लालजी महाराजश्री । (३) नारायणघाट मंदिर के पाटोत्सव के अवसरपर ठाकुरजी का अभिषेक करते हुये प.पू. आचार्य महाराजश्री । (४) विहार (भाईयों के मंदिर) में पाटोत्सव प्रसंग पर ठाकुरजी की अन्नकूट आरती उतारते हुये प.पू. महाराजश्री । (५) छपैया में श्री स्वामिनारायण म्युजियम आयोजित पारायण प्रसंग पर कथामृत पान करावते हुए स.गु. शा.स्वा. निर्गुणदासजी और अहमदाबाद से पधारे हुए स.गु. महंत शा.स्वा. हरिकृष्णदासजी आदि संत ।

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र

वर्ष - १० ● अंक : ११९

मार्च-२०१७

अ नु क्र म णि का

०१.	अस्मदीयम्	०४
०२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा	०५
०३.	पाटोत्सव	०६
०४.	सुमधुमर मूर्तिना दर्शन आपो	०८
०५.	श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से	११
०६.	सत्संग बालवाटिका	१३
०७.	भक्ति सुधा	१५
०८.	सत्संग समाचार	२१

संस्थापक

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स :
२७४१९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com
दूर ध्वनि
२२१३३८३५ (मंदिर)
२७४७८०७० (स्वा. बाग)
फेक्स : ०७९-२७४५२१४५
श्री नरनारायणेदव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत
स्वामी)

पत्र व्यवहार

श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
दूर ध्वनि २२१३२१७०, २२१३६८१८.
फोक्स : २२१७६९९२
www.swaminarayan.info

पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● प्रति कोपी ५-००

अस्मदीयम्

आ देहे करीने भगवानना धाममां निवास करवो छे। पण वचमां क्यांय लोभावुं नथी अने कायरने ठेकाणे जे देहाभिमानी एवा भगवानना भक्त छे, तेनो तो प्रभु भज्या मां हजार जातना घाट जाय छे, जे, जो करडां वर्तमान हसे तो नहीं नभाय, ने सुगम वर्तमान एज हशे तो नभाशे। अने बडी एवो पण विचार करे जे, आवो उपाय करिये तो संसारमां पण सुखिया थइए, अने नभाशे तो हलवा हलवा सत्संगमां नभीशुं। एवो भक्त होय ते कायरने टेकाणे जाणवो अने शूरवीरने भगवानना दृढ भक्त होय तेने तो पिंड ब्रह्मांड संबंधी कोई जाननो घाट न थाय।(ग.म.-२२)

भक्तहो ! सावधान होकर सर्वोपरि भगवान श्री स्वामिनारायणमें दृढ विश्वास रखकर शुद्ध उपासना करते हुए, शरीरको पीड़ा देते हुए पंचवर्तमान का पालन करना चाहिये। जिससे पूरे ब्रह्मांड में किसी प्रकार का अपनापन न रहे और प्रत्यक्ष भगवान मिले है उन्हीं से हमारा कल्याण, मोक्ष होने वाला है यह भाव रखकर सतत मनन करते रहना है। अक्षरधाम के अलांवा किसी अन्य लोक में जाना नहीं है, यह निश्चित करके रखना चाहिये। अक्षरधाम से अधिक अन्यत्र कहीं सुख नहीं है। जन्म-मरण के फेरे में से जिन्हे छूटना हो वे उपरोक्त वचनामृत को अपने हृदय में अवश्य उतारें। जिससे महाराज हमें बड़ी सरलता के साथ अपने धाम में लेजांय।

तंत्रीश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण



श्री स्वामिनारायण

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(फरवरी-२०१७)

१ श्री स्वामिनारायण मंदिर मूली वसंत पंचमी पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

२ श्री स्वामिनारायण मंदिर उवारसद पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

३ श्री स्वामिनारायण मंदिर गवाडा तथा सांकापुरा पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

४ श्री स्वामिनारायण मंदिर टोरडा पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

६ श्री स्वामिनारायण मंदिर नारणपुरा पाटोत्सव प्रसंग पर तथा वहाँ से एप्रोच बापूनगर प.भ. रमेशभाई के यहाँ पदार्पण ।

७ संत दीक्षा विधिअपने वरद् हाथों से संपन्न किये ।
श्री स्वामिनारायण मंदिर मोखासण पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

९ सूर्यनगर (ता. हलवद मूली देश) श्री स्वामिनारायण मंदिर मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग पर पदार्पण ।

१० श्री स्वामिनारायण मंदिर अंजलि वासणा दशाब्दी पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

११ कुहा श्री स्वामिनारायण मंदिर शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

१२ श्री स्वामिनारायण मंदिर महेसाणा पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

१३-१४ श्री स्वामिनारायण मंदिर भुज शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

१५ नारायणघाट श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

१६-१७ श्री स्वामिनारायण मंदिर मोरबी दशाब्दी पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

१८ श्री स्वामिनारायण मंदिर भाउपुरा तथा विहार पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण .

१९ श्री स्वामिनारायण मंदिर गुलाबपुरा शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

२० से २५ अमेरिका के धर्म प्रवास पर पदार्पण ।

२६ से २८ श्री स्वामिनारायण मंदिर भुज (कच्छ) श्रीहरि कृष्ण महाराज के १५० वें पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(फरवरी-२०१७)

१ श्री स्वामिनारायण मंदिर मूलीधाम वसंत पंचमी का उत्सव तथा श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज का अभिषेक, रंगोत्सव अपने वरद् हाथो से संपन्न किये ।

५ श्री स्वामिनारायण मंदिर अंजली (अम.) दशाब्दी पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

१२ श्री स्वामिनारायण मंदिर मोरबी दशाब्दी पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

१९ श्री स्वामिनारायण मंदिर माणेकपुर (पाटीदार) कथा प्रसंग पर पदार्पण ।

२७-२८ श्री स्वामिनारायण मंदिर भुज (कच्छ) श्रीहरिकृष्ण महाराज के १५० वें पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।



पाटोत्सव

- साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास
(जेतलपुरधाम)

अपने संप्रदाय में प्रत्येक सत्संगी को भगवान के पाटोत्सव का आनंद वारंवार मिलता रहता है। उस में भी अपनी शक्ति तथा भक्ति के अनुसार पूजन-अर्चन-सेवा-दर्शन का लाभ मिलता रहता है । उत्सव में पूरे वर्ष पाटोत्सव का शब्द सुनने को मिलता है। कोई वार्षिक, कोई पंच वार्षिक, रजत, सुवर्ण, अमृत, शतवार्षिक, सार्ध शताब्दि शतामृत इत्यादि पाटोत्सव का अर्थ किया जाता है । अर्थात् जिस दिन भगवान के अर्चारुप को प्रतिष्ठित किया जाता है, उस वार्षिक तिथि दिन-समय-इत्यादि को पुष्टि मार्ग, वैष्णव परंपरा में पाटोत्सव का महत्व कहा गया है। अन्य दिन की अपेक्षा पाटोत्सव के दिन की गई भजन-भक्ति अनंत फल को देने वाला है।

भगवान की प्रादुर्भाव तिथि भी पाटोत्सव के दिन मनाई जा सकती है। अर्थात् श्रीहरिने शिक्षापत्री में १५५ वें श्लोक में ऐसा कहा है कि गृहस्थी सत्संगी को भगवान के मंदिर में बड़ा उत्सव करना चाहिये। पाटोत्सव को तीन स्थानो पर करने का विधान है।

(१) घर मंदिर में अर्थात् घर में जिस दिन भगवान की सेवा को पुष्ट किया गया हो अथवा प्रतिष्ठित किया गया हो।

(२) स्वयं के गाँव में हरि मंदिर की जिस दिन प्रतिष्ठा हुई हो।

(३) महा मंदिर (शिखरी मंदिर) जहाँ पर नित्य षोडशोपचार से पूजन होता हो, श्रृंगार होता हो पांच प्रकार की आरती होती हो, उनकी प्रतिष्ठाविधिके दिन किस मंदिर में किसप्रकार की सेवा विधिकरनी इसकी आज्ञा संप्रदाय के आचार्य महाराजश्री की तरफ से होती है । सेवाविधि, नैवेद्य विधि, श्रृंगार विधि, आचार्यश्री के वचन के अनुसार आश्रितो को करना है, जो प्रणालिका वैष्णवाचार्य की रीति के अनुसार करने का विधान है। इसलिये आचार्य महाराजश्री घर मंदिर में मूर्ति की सेवा-पूजा संक्षेप में करने के लिये देशकाल के अनुसार आज्ञा प्रदान करते हैं । इसी तरह हरि मंदिर में इससे विशेष पूजा का प्रकार सेवा-आरती इत्यादि करने की आज्ञा देते हैं । इसी तरह महा मंदिरों में साङ्गोपांग शास्त्रोक्त विधिपूजा करने की आज्ञा प्रदान करते हैं । सेवा-पूजा-अनुमति-वचन-आज्ञा देने की विधी मात्र आचार्यश्री को है ऐसा वैष्णव सेवा में कहा गया है। यदि सेवक सेवा में असमर्थ हो जाय तो सेवा को वापस लेकर मुमुक्षु को धर्म संकट से मुक्त किया जाता है । शिक्षापत्री श्लोक १३० में मंदिरो की सेवा विधिका संपूर्ण अधिकार धर्मवंशी आचार्य महाराजश्री के लिये कहा गया है। पाटोत्सव का शास्त्रीय अर्थ है - पट - उत्सव, हिन्दी में पाटोत्सव कहा जाता है। गुजराती में अपभ्रंश होकर पाटोत्सव बोला जाता है। सच्चा शब्द पाटोत्सव है। पट्ट अर्थात् वस्त्र वस्त्र संबंधी उत्सव अर्थात् पट्टोत्सव, वस्त्र प्रतीक है।

वल्लभपुष्टि प्रकाश नामक ग्रन्थ में पट्टोत्सव के विषय में श्रीवल्लभ संप्रदाय पुष्टि मार्गीय सातो घर के सेवा विधिका निरुपण गोस्वामी श्रीमद् देवकीनंदन आचार्य महाराजश्रीने संग्रहीत करके प्रकाशित किया है । जिस में पाटोत्सव की सेवा पूजा-अर्चन-भोग-श्रृंगार-वस्त्र-अलंकार इत्यादि को ऋतु-मास-नक्षत्र-तिथि-वार के अनुसार ठाकुरजी की सेवा करने का विधान है। वल्लभ मतानुसार व्रतः उत्सव मनाने की आज्ञा है।

उत्सव की पहचान उत्सव की शोभा, महत्व, उत्सव के प्रति सद्भावन,ा प्रेमलक्षणा भक्ति, प्रीति, समर्पण का भाव, बाल स्वरुप को श्रृंगार प्रिय है।

श्रृंगार में वस्त्र की प्रधानता होती है, वस्त्र को प्रधान रखकर ठाकुरजी को अलंकृत किया जाता है, इसी लिये इसे पट्टोत्सव अर्थात् पाटोत्सव कहा जाता है। वल्लभ पुष्टि प्रकाश के अनुसार प्रत्येक तिथि में अलग-अलग वस्त्रो से अलंकृत किया जाता है। परंतु वस्त्र के

अभाव में पाटोत्सव के दिन श्री विग्रह स्वरुप ठाकुरजी को केशरी वस्त्र से अलंकृत किया जाता है। घर मंदिर में केशरीवस्त्र के प्रतीक रुप में केशरी रुमाल अर्पण किया जाता है। केशरी ध्वजा अर्पण किया जाता है। महा मंदिर में केशरी जरीवाला वस्त्र धारण करवाया जाता है। यह वस्त्र पाटोत्सव के दिन धारणक रना चाहिये। विशेष पट्ट बंधन मस्तक पर किया जाने से अर्थात् साफा बांधने से पट्टाभिषेक भी कहा जाता है।

पट्ट (वस्त्र) षोडशोपचार पूजन का एक मात्र है। इस लिये हरि मंदिर, महामंदिर के पाटोत्सव में षोडशोपचार पूजन करना अर्चास्वरुप के लिये आवश्यक है। पाटोत्सव के दिन पंचामृत से अभिषेक प्रति वर्ष पाटोत्सव के दिन किया जाता है। आचार्यश्री की आज्ञा से पाटोत्सव के दिन राजभोग में मिश्रीका भोग, दूधसे बने पदार्थ का भोग, सखडीभोग अर्थात् तलकर जो बनाया जाय उसका भोग भगवान को लगाया जाता है। जिस स्वरुप की सेवा के लिये आचार्यश्री द्वारा विग्रह मिला हो उसका भी पाटोत्सव करना चाहिये लेकिन महाराजश्री से आज्ञा लेकर। तभी सेवा में अधिकार मिलेगा। अन्यथा देव उसकी पूजा को स्वीकार नहीं करते। नित्य सेवा की आज्ञा एकवार मिल गई होतो उसे आजीवन करनी चाहिये। परंतु पाटोत्सव की विशेष पूजा अनुमति के आधीन है। हरि मंदिर के पाटोत्सव में लालजी के स्वरुप का अभिषेक करना हो तथा स्वरुप का अभाव हो तो सोपारी में आवाहन करके पंचामृत से अभिषेक करना चाहिये। इसी तरह घर मंदिर में स्वरुप के अभाव में सेवा पुष्टि स्थापना के दिन सोपारी में आवाहन करके पंचामृत से अभिषेक करना चाहिये। जेतपुर में रामानंद स्वामीने श्री सहजानंद स्वामी को उद्धव संप्रदाय की गादी जब दी तब केशरी वस्त्र अर्पण करके पूजा की थी, उसी समय से शास्त्रो में पट्टाभिषेक उत्सव कहा जाता है।

अपने संप्रदाय के धर्मवंशी आचार्य परंपरा में भी जब गादी दीजाती है तब अनुगामी को पट्ट (वस्त्र) तथा पगडी अर्पण करने की विधिकरके सत्ता (अधिकार) दी जाती है। पट्ट तथा पगडी अर्पण करने से सम्पूर्ण सत्ता दे दी गई ऐसा शास्त्र का वचन है।

नित्य पूजा में केशरी डुपट्टा, जगन्नाथ मंदिर के आश्रितों को शिष्यत्व के अधिकार के लिये केशरी पट्टा, विश्व विद्यालय में डिग्री देने के समय विशेष प्रकार का पोषाक (वस्त्र) दिया जाता है - देने वाला तथा लेने वाला विशेष प्रकार के वस्त्र से सज्ज होता है। पट्ट दान अधिकार कर वाचक है।

भगवान का पाटोत्सव न किया जाय तो ''श्रीमद् भागवत के एकादश वें स्कंध'' में सेवा दोष कहा गया है। इसलिये कर्तव्य पारायण विवेकी जन अपने सामर्त्थ के अनुसार पाटोत्सव अवश्य करें। पाटोत्सव के समय वाद्य यंत्र - गीतादिक भी करें। अपने आचार्य महाराजश्री के कन्धे पर डुपट्टा तथा पगडी पाटोत्सव का ही प्रतीक है।

जो मनुष्य भगवान का पाटोत्सव कराता है उसके पहले की सात पीढी तथा पीछे की सात पीढी अर्थात् १४ पीढी का उद्धार हो जाता है। ऐसा पुराणों में लिखा है। द्रोपदी ने भगवान श्रीकृष्ण को एक वस्त्र (पट्ट) अर्पण किया तो जब दुःशासन लाज लूटने के लिये वस्त्र खींचा तो ९९९ साडी भगवान उसे वापस देकर उसकी लज्जा बचाई।

हजारो काम छोड़कर भगवान के पाटोत्सव के समय अवश्य जाना चाहिये। दर्शन करना भी पाटोत्सव का एक भाग है। पाटोत्सव में सेवा करने का लाभ मिलता है। पाटोत्सव में आमंत्रण की अपेक्षा नहीं रखनी चाहिये। भगवान हमारे हैं इसलिये जाना ही है।

संतो की पूजा में वस्त्र ओढाया जाता है। अपने संप्रदाय मं धोती ओढाने की परंपरा है। अर्थात् वस्त्र से सन्मान पूर्ण सन्मान कहा जाता है। किसी विशिष्ट व्यक्ति का प्रसंगानुसार अपना किसी सफलता अथवा किसी कार्य विशेष में उसे सन्मानित किया जाता है। तब शाल ओढाकर सन्मानित किया जाता है। इन सभी परंपरा में पट्ट(वस्त्र) एक विशिष्ट सन्मान की पहचान वर्षो पुरानी परंपरा पट्ट के साथ जुडी हुई है।

सुमधुर मूर्ति का दर्शन आपो

- शा. स्वा. निर्गुणदासजी (अमदावाद)

गुर्जररागे एकतालीताले गीयते ॥

एहि दयालो हृदय शयालो दर्शन सुमधुरमूर्तिम् ।
प्रशमय तापं विदलय पापं जनय हृदयसुखपूर्तिम् ॥ध्रुवपदम्॥
सुखकरशीले जलधरनीले हसितमुखे त्वयि याते ।
ताम्यति चेतो वीक्षणहेतोः कृतिरियमतिविषमाते ॥एहि. १॥
चरणसमीपे शुभमतिदीपे सुखयसि खलु जनजातम् ।
स्मर तव दासं दूरनिवासं कुरु पुरुविरहविधातं ॥एहि. २॥
जगनुकुले मंगलमूले त्वयि चिरयति दृशिदाने ।
नहि मम स्नाने न च जलपाने रुचिररपि न निधाने ॥एहि. ३॥
जनसुखकारी भवभयहारी त्वमसि विषयविषपाती ।
मा विपरीतो भव सुप्रीतो रमण चरण दृशिदाता ॥एहि. ४॥
वचन विगितं चरितमधीतं मम बहुतरमपराधम् ।
मा कुरु भावे करुणाहावे शीलमेव निजमगाधम् ॥एहि. ५॥
पश्यमपूर्ण त्यजसि हि तूर्ण का बत तव परिपाटी ।
त्वयि सुखपुरे निवसति दूरे प्रपतति कलिमलघाटी ॥एहि. ६॥
बोधितमंदं सहजानन्दं शासितशामनभटधावम् ।
प्रोज्ज्य भवन्तं भुवि विलसन्तं न गतिरतितनावम् ॥एहि. ७॥
गतसुखलेशे कुमतिनगेशे कुरु करूणां चरणसम्बम् ।
विरहविहीनं कुरु तव दीनं किमिति करोषि विलम्बम् ॥एहि. ८॥
॥ इति दीनानाथभट्टविरचितविरहाष्टपदी ॥

सर्वावतारी भगवान श्री स्वामिनारायण मनुष्य देह धारण करके गुजरात कच्छ तथा काठीयावाड के गाँवो में विचरण करते हुये अपने प्रभाव से ऐश्वर्य से मुमुक्षु जीवात्माओं को अपनी तरफ आकर्षिक कर रहे थे . सभी लोगों को ऐसा लगने लगा था कि इन्दी प्रगट ब्रह्म का दृढता पूर्वक आश्रय करना चाहिये । उसी सयम महा विद्वान पंडित दीनानाथ भट्ट महाराज को मिलत हैं । वे संस्कृत के बड़े अच्छे विद्वान ही नहीं थे बल्कि आशुकवी भी थे । ऐसे विद्वान पंडित दीनानाथ भट्टने भगवान को अपने दिव्य स्वरुप में दर्शन के लिये गद् गद् भाव से स्तुति करने लगे । इसका कारण यह था कि उनके हृदय में श्री स्वामिनारायण भगवान ने शिक्षापत्री में मयाराम भट्ट का नाम लिया जबकि स्वयं को उनसे श्रेष्ठ - ज्येष्ठ मानते थे कि इस भाव को आने से राग-द्वेष से रहित होने के लिये इस प्रकार की स्तुति किये -

एहि - हे परमेश्वर इस पृथ्वी पर आप जैसा इस समय कोई स्तुति करने लायक नहीं है । हे दयालो - अत्यन्तदयावाले, हृदय - करुणा से परिपूर्ण अन्तःकरण वाले, ऐसे हे शयालो - दया- करुणा करने में विशाल हृदय वाले । दर्शय - दर्शन दीजिये । सुमधुर मूर्तिम् - आपकी ऐसी मधुर मूर्ति है कि जिसके दर्शन के विना कोई रह नहीं सकता । प्रशमयतापम् - दर्शन देकर तीनो प्रकार के ताप कानाश करो । जनय - मेरे हृदय में सद् विचारों को उत्पन्न करो । हृदय सुख पूर्तिम् - मेरे हृदय में आध्यात्मिक सुख प्रदान करो । ध्रुवपदम् - अचल पंक्ति अर्थात् टेक इस कडी को प्रत्येक कडी के बाद में बोलना है और अर्थ का अनुसन्धान रखना है ।

सुखकरशीले जलधरनीले हसितमुखे त्वयि याते ।
ताम्यति चेतो वीक्षणहेतोः कृतिरियमतिविषमाते ॥एहि. १॥

<u>सुखकरशीले</u> - हे प्रभु ! आप का स्वभाव ही

सुखप्रदान करने वाला है। जलधरनीले - आप जलघर अर्थात् पानी से भरे हुये बादल की रतह नील वर्ण के हैं जैसे बादल वरसात करके सभी को संतुष्ट कर देता है वैसे आपकी मुखाकृति सभी को संतुष्ट करनेवाली है। हसित मुखे - मंद हास करते हुए मुख से सभी को सुख प्रदान करने वाले । त्वयिपाते - आपके आने को जानकर, ताम्यतिचेतो - चित्त अनायास ही आपके दर्शन के लिये बाहर निकलने लगता है। वीक्षण हेतोः - आपके दर्शन में ही जिसका ध्येय है। कृतिरियमतिविषमाते - हे प्रभु ! वस इतना ही करना है कि केवल आपका दर्शन ही करना है तो इतना विलम्ब क्यों कर रहे हैं। हे प्रभो ! तत्काल दर्शन दो ।

चरणसमीपे शुभमतिदीपे सुखयसि खलु जनजातम्।
स्मर तव दासं दूरनिवासं कुरु पुरुविरहविधातं ।।एहि. २।।

चरणसमीपे - हे प्रभु ! आपके चरण के समीप में जो भी आता है वह कभी दुःखी नहीं रहता। शुभमति दीपे - जिसके मन में शुभ भावना हो, जिसकी बुद्धि में शुभ भावना हो वहीं आपकी शरण में आता है। सुखयसि - वह बड़ी सरलता से सुख प्राप्त कर लेता है। खलुः सत्य ही है। जनजातम् - पृथ्वी ऊपर जो भी आया है दर्शन मिलते ही सुखी हो जाता है। स्मर - हे प्रभु आप स्मरण करें। तव दासम - अपने अनन्याश्रित दास को, दूर निवासम् - आपसे दूर होकर आपका भक्त रहता है, कुरु - उसके विरहरुपी दुःख को पुरु विरह विधातम् - वियोग रुपी दुःख का नास करके उसके मनोरथ को पूर्ण करो।

जगनुकूले मंगलमूले त्वयि चिरयति द्वशिदाने।
नहि मम स्नाने न च जलपाने रुचिरपि न निधाने ।।एहि. ३।।

जगनुकुले - हे परमेश्वर ! आपकी जब कृपा होती है तब सारा जग अनुकुल हो जाता है। बाद में भक्त को कोई चिंता नहीं रहती। मंगलमूले - जगत में जितने भी मंगलकार्य है उन सभी के मूल में आप ही हैं। त्वयिचिरयति - हे प्रभु ! आप दयालु होकर भी दर्शन देने में इतना विलम्ब क्यों करते हैं। दृशिदाने - अपने भक्तों को दर्शन देने का आप ही का प्रण है। इसलिये हे भगवन् जल्दी दर्शन दीजिये। नहिमम स्नाने - जब तक आपका दर्शन नहीं होता तब तक प्रातः जाग कर स्नान करने का भी मन नहीं करता । नचजलपाने - और जलपान करने में भी रुचि नहीं होती। रुचिरपिन निधाने - दूसरा और क्या कहना, हे प्रभु ! आपके दर्शन किये विना तो इस दुःखदायक संसार से मरने की भी इच्छा नहीं होती।

जनसुखकारी भवभयहारी त्वमसि विषयविषपाती।
मा विपरीतो भव सुप्रीतो रमण चरण द्दशिदाता ।।एहि. ४।।

जुनसुखकारी - जगत में तथा शास्त्रों में तो आपकी प्रसिद्धि जीव मात्र को सुख देने वाली है। इसलिये हमें दर्शन देकर सुखी करो। भवभयहारी - जीव को जन्म - मृत्यु के महान् दुःख को दूर करने वाले हैं। त्वमसि - आप एकमात्र हैं दुःख को दूर करने वाले। विषयविषपाता - हे प्रभु ! तो आप क्यों मुझ से वियोग रुपी विषका पान करा रहे हो ? पांच विषयों के सुख आपके भक्तों के लिये विष के समान है। मा - न करो, विपरीतो भव - अपने दिये हुये वचन से विपरीत मत बनो । अर्थात् अपने दर्शन देने से वियुक्त मत करो । सुप्रीतो - आपका प्रेम तो श्रेष्ठ है। फिर क्यों आप तड़पा रहे हैं। रमण - आपका चरित्र - आप की लीलायें चरण - आपके निर्भय चरण कमल का दर्शन हो ऐसी दया करो। दृशिदाता - हे प्रभु, आप अपने दर्शन का दान करने वाले हैं।

वचन विगीतं चरितमधीतं मम बहुतरमपराधम्।
मा कुरु भावे करुणाहावे शीलमेव निजमगाधम् ।।एहि. ५।।

वचन - आपकी आज्ञा का पालन करने में क्या असमर्थ पड़ा हूँ। विगितम् - आपकी आज्ञा के पालन में या समझने में भूल हुई होगी। चरित्रमधीतम् - आपके चरित्र का अध्ययन किया हूँ, इससे मुझे समझ में आया कि जो आपकी आज्ञा का पालन नहीं करते उन्हें आपका दर्शन नहीं होता। मम - सम्भवतः यह मेरा अपराधहो कि मैं आपकी आज्ञा का भंग किया हूँ। बहुतरमपराधम् - इस तरह तो हमारे बहुत अपराधहै लेकिन आप तो दयालु है इसलिये सभी अपराधको क्षमा करके दर्शन दो। माकुरु - मत करो। भावे - आपके भक्त की भावना सच्ची है। करुणाहावे - आपके हृदय में करुणाका भाव अधिक है। शीलमेव - आपका चरित्र भी ऐसा ही है कि आप सभी के ऊपर दया ही करते हो। निजमगाधम् - यह आका आगाधवचन है, इसलिये अपनी सुमधुर मूर्ति का दर्शन दीजिये।

पश्यमपूर्णं त्यजसि हि तूर्णं का बत तव परिपाटी।
त्वयि सुखपूरे निवसति दूरे प्रपतति कलिमलघाटी ।।एहि. ६।।

पश्यमपूर्णम् - हे प्रभु ! आप तो दयालु हैं तो आप इस अपने दास के अपराधको बिना देखे त्याग क्यों कर दिये। त्यजसिहितूर्णम् - क्या तत्काल त्याग कर देना आपका स्वभाव है ? का बत तव परिपाटी - क्या इस तरह परित्याग करने की आपकी कोई परंपरा है। त्वयि - आप तो, सुखपूरे - जहाँ अनेक प्रकार का सुख हैं वहाँ आप निवास करते हैं। निवसतिदूरे - आप से दूर रहने वाले आपके भक्तों को महान दुःख का सामना करना पड़ता है। प्रपतति - आपके वियोग में आप के भक्त संसार के दुःख में गिर जाते हैं। कलिमलघाटी - महान कलिकाल के अधर्मो में फंसकर दुःख भोगते हैं।

बोधितमंदं सहजानन्दं शासितशामनभटधावम्।
प्रोज्झय भवन्तं भुवि विलसन्तं न गतिरतितनावम् ।।एहि. ७।।

बोधितमन्दम् - इस जगत में मन्दबुद्धि के जीवों को उपदेश देकर सद्बुद्धि देते हैं। सहजानन्दम् - जीवनमात्र को सहज में सुख देने सहजानंद ऐसे आप अपने नाम को सार्थक करें और मेरे दुःख को दूर करके दर्शन का आनंद दीजिये। शासित शामनभटधावम् - आपकी शरण में आये हुये अपने भक्तों के ऊपर शासन करो। अर्थात् उनकी रक्षा करो। प्रोज्झिभवन्तम् - संपूर्ण विश्व में आप ही ज्ञेय हैं, जानने योग्य है, जिसके ज्ञान से जीवात्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है। भुविविलसन्तम् - इस जगत में प्राणीमात्र को ज्ञान देकर प्राण को टिकाने वाले हैं। नगतिरतितनावम् - सम्पूर्ण जगत के प्राणी मात्र के लिये तथा हमारे लिये आपके सिवाय और कौन है।

गतसुखलेशे कुमतिनगेशे कुरु करूणां चरणसम्बम्।
विरहविहीनं कुरु तव दीनं किमिति करोषि विलम्बम् ।।एहि. ८।।

गतसुखलेशे - हे प्रभु ! आपके दर्शन के विना मेरे जीवन में से सुख का नाश हो गया है। कुमतिनगेशे - आपके स्वरुप का यथार्थरुप से न पहचानने के कारण महान कुबुद्दिरुप मुझ में हिमालय पर्वत जितना अज्ञान भरा हुआ है। कुरुकरुणाम् - आपकी दया तथा करुणा से मेरे में जो अज्ञान है उसे दूर करो। इसके अलांवा मेरे लिये दूसरा कोई मार्ग नहीं है। चरण सम्बम् - इस लिये जगत में आया हूँ। विरहविहीमम् - इसलिये हे प्रभु ! आप आपना दर्शन देकर अपने विरह से दूरकर दीजिये। कुरु - करो। तवदीनम् - आपका शरणागत भक्त दीनानाथ भट्ट किमिति - किस कारण से, करोषि विलम्बम् - इतना लम्बा समय दर्शन देने में विलम्ब कर रहे हैं।

श्री स्वामिनारायण म्युझियम

श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से

अपने म्युजियम को ६ वर्ष पूरा हो गया । ६ वर्ष पूर्व जो वृक्ष लगाये गये थे वे घटादार हो गये हैं । ६ वर्ष की ऋतुओं के बदलाव को सहन करके आज भी म्युजियम की दीवालें वैसी की वैसी (नई) लगती हैं । प्रत्येक वर्ष कीतरह इस वर्ष भी फाल्गुन शुक्ल-३ को श्रीनरनारायण देव के पाटोत्सव के दिन म्युजियम का वार्षिकोत्सव भी म्युजियम के प्रांगण में मनाया गया । दोपहर तीन बजे करीब १५० जितने यजमान दंपती म्युजियम के मुख्यहाल में अर्थात् ८ नं. के होल में महापूजा के लिये एक साथ आसन पर आसीत हुये थे । समग्र धर्मकुल की उपस्थिति में दो घन्टे महापूजा चली जिसका दिव्य लाभ सभी यजमानोने लिया था । बाद में १२ नं. के होल में अनुशासित ढंग से एक छोटी सभा में योग्य सन्मान किया गया था । इसके बाद नवनिर्मित ए.सी. होल में सभी संत प्रसाद ग्रहण किये थे । जिस का दर्शन करके करीब ३००० जितने हरिभक्त भी प्रसाद ग्रहण किये थे । इसके बाद सभी वहाँ से आत्मीयजनो से मिलने के लिये अलग हुये थे । अपने म्युजियम मेंअपने भीतर जो प्रस्फुरित होता है वही श्री स्वामिनारायण भगवान की प्रागट्य भूमि छपैयामें भी दृष्टिगोचर होता है । श्री स्वामिनारायण भगवान की प्रसादी की वस्तुओं का स्पंदन तथा उनके प्रसाद की वस्तुओं का स्पंदन एक समान आभासित होता है । इस तरह का संबंधछपैया की भूमि एवं म्युजियम में प्रतीत होता रहता है ।

अपने म्युजियम में प्रति रविवार को सायंकाल शा. स्वामी निर्गुणदासजी द्वारा वचनामृत की कथा होती है । जिस कथा का रसपान करने के लिये प्रतिदिन हरिभक्त आते है । अपने म्युजियम द्वारा छपैया में सत्संगिजीवन पारायण का आयोजन किया गया था । करीब ५०० जितने हरिभक्त गुजरात से ट्रेन द्वारा छपैया पहुंचे थे । वहाँ कथा में आने वाले सभी प्रसंग जैसे श्री घनश्याम जन्मोत्सव, गादी अभिषेक तथा मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग तथा छपैया के बाल स्वरुप घनश्याम महाराज का अभिषेक अन्नकूट इत्यादि कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाये गेय थे । प.भ. श्री रतीभाई खीमजीभाई पटेल कथा के यजमान पद का लाभ लिये थे ।

- प्रफुल खरसाणी

श्री स्वामिनारायण म्युजियम मे भेट देनेवालों की नामावलि-फरवरी-१७

रु। २१,०००/-	धर्मेन्द्रभाई भाईलालभाई पटेल - सोला रोड, अमदावाद।
रु। ११,०००/-	डॉ. अरविंदभाई पटेल - डेट्रोईट।
रु। १०,०००/-	मुक्ताबहन अमृतलाल पटेल (डांगरवावाली) - राणीप।
रु। ५,०००/-	मीनाबहन के. जोषी - बोपल, अमदावाद।
रु। ५,०००/-	शेलत एस. परिवार, अमदावाद।
रु। ५,०००/-	शयाना शेलत परिवार, अमदावाद।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव की मूर्ति के अभिषेक की नामावलि - फरवरी-१७

ता. ०१-०२-२०१७	जनकबहन प्रवीणभाई पटेल - सोजीत्रावाला, वर्तमान में नवा वाडज।
१०-०२-२०१७	(प्रातः) अ.नि. सेंधालाल करशनभाई पटेल - बोपल कृते अरविंदभाई पटेल
	(११ बजे) श्री रतीलाल जयरामभाई देसाई - नरोडा
१४-०२-२०१७	श्री अल्पेशभाई रतीलाल पटेल - यु.एस.ए.
२०-०२-२०१७	श्री परेशभाई भाईलालभाई पटेल - यु.एस.ए. - कृते भाईलालभाई पटेल।
२२-०२-२०१७	विनस वालजी पिंडोरीया - लंडन कृते वनराज भगत।
२५-०२-२०१७	(प्रातः) शारदाबहन चुनीभाई पटेल - पंडोलीवाला - यु.के. कृते शैलेषभाई तथा दीपेशभाई।
	(प्रातः) डॉ. जी.के. पटेल - महेसाणा - कृते कुसुमबहन तथा ब्रिजेशकुमार - यु.एस.ए.।
	(दोपहर) उषाबहन मुकेशकुमार पटेल - जूना वाडज - कृते रविन्द्र कनुभाई पटेल।
२६-०२-२०१७	(प्रातः) श्री भरतभाई रमणभाई पटेल - मोखासणवाला - यु.एस.ए.।
	(११ बजे) रोकनभाई विष्णुभाई पटेल - मोखासणवाला - यु.एस.ए.।

सूचना :श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रति पूनम को प.पू. बड़े महाराजश्री प्रातः ११-३० को आरती उतारते हैं।

शुभ प्रसंग पर भेंट देने के योग्य अथवा व्यक्तिगत संग्रह के लिये - श्री नरनारायणदेव की प्रतिमा वाला २० ग्राम चांदी का सिक्का म्युजियम में प्राप्त होता है।

संप्रदाय में एकमात्र व्यवस्था स्वामिनारायण म्युजियम में महापूजा। महाभिषेक लिखाने के लिए संपर्क कीजिए।

म्युजियम मोबाईल : ९८७९५ ४९५९७, प.भ. परषोत्तमभाई (दासभाई) बापुनगर : ९९२५०४२६८६

www.swaminarayanmuseum.org/com • email:swaminarayanmuseum@gmail.com

सत्संग बालवाटिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

भगवान भावना के भूखे हैं

(शास्त्री हरिप्रियदासजी, गांधीनगर)

बहुत ध्यान से वांचने लायक बात है । मनुष्य की जिन्दगी दो वस्तु से सुशोभित होती है । प्रथम भाव दूसरा विवेक । अन्य थोडा कम भी होता तो चलता है । लेकिन दो सद्गुण तो आवश्यक हैं । भाव तथा विवेक में से भक्तिमार्ग के लिये भाव की आवश्यकता है । जिस में भाव नहीं हो विवेक भी न हो उसे अबुधकहा गया है ।

संसार में कई जगह पर भाव चलता है । जैसे किसी का भाई अधिकारी हो, कलक्टकर हो, जिसका नाम चलता हो, ऐसा कोई बड़ा आदमी हो उसके पास जब हम जाते हैं तब बडे विवेक से बोलना पडता है । विवेक के साथ व्हार करना पडता है, विवेक पूर्वक बैठना पडता है । ऐसे अधिकारी के छोटे पुत्र को पद की कोई गरिमा नहीं रहती । वह आकर गोंद में बैठ जाता है । क्योंकि उसमें भाव की प्रधानता है । उसे कोई तकलीफ नहीं होती । उसके मन में यह होता है कि मेरे पिताजी कोई बड़े अधिकारी हैं । उसके मन एक ही भाव रहता है कि ए मेरे पिताजी हैं । और पिता को रहता है कि यह मेरा बेटा है । यहाँ पर भाव चलता है ।

कहीं विवेक चलता है । घर में एकाएक पांच लोग एक साथ आजांय । जय स्वामिनारायण कहकर खड़े हो जांय, तो मन में होगा कि अब एक लीटर दूधतो जानेवाले हैं, फिर भी उस समय आपका विवेक आगे आयेगा और कहेंगे कि आइये, आइये, बहुत अच्छा हुआ, बहुत दिनों के बाद आइये बैठिये । जब दो दिन के बाद जाते है, तब घर के लोग क्या कहते हैं कि इस बार आप अकेले आये दूसरी बार काकी को लेकर आइयेगा । मन में तो होता है कि ए कैसे जांय ? हनुमानजी की कृपा कि आप यहाँ से गये । फिर भी विवेक का व्यवहार तो करना पडता है कि इस बार अकेले आये लेकिन दूसरी बार अकेले नहीं आइयेगा । काकी को, बेटा को, सभी को लेकर आइयेगा यहाँ बगीचा बहुत अच्छा है । सभी को मजा आयेगी । यह सदा विवेक बोलता है । अन्दर के भाव से नहीं । घर के बाहर पैर पोछने वाले पर वेलकम लिखा रहता है । कितने लोग सुस्वागतम् लिखते है, कोई दिवाली में इनसे सुशोभित करते हैं । ये सभी शब्द विवेक-व्यवहार में लिये जाते हैं । कोई अनजान व्यक्ति आपका दरवाजा खटखटाता है, तुरंत कहा जाता है क्या काम है ? आप लिखे हैं न, कि भले पधारे, इसलिये आये हैं । आपके लिये नहीं लिखे हैं, यह सुन्दर लगने के लिये लिखे हैं । तुम्हें बुलाने के लिये नहीं लिखे । यह सभी विवेक संसार में, व्यवहार में सुशोभित होता है । भाव हो या न हो तो भी विवेक से गाडी चलती रहती है । लेकिन भक्ति मार्ग में विवेक की बहुत आवश्यकता नहीं है ।

सत्संग में भाव से आना । जैसे बालक अपने पिता के मोटे अधिकारी होने पर भी गोंद में जाकर बैठ जाता है उसी तरह यहाँ कथा में, दर्शन में, भजन में, भगवान में, संत में भाव होना चाहिये कि हमारी आत्मा के सगे हैं । उनके बड़े पन को नहीं देखना । हमारे ही हैं ऐसा भाव सत्संग में शोभता है ।

जिस तरह भोजन में दो वस्तु हो-केला और मूली । मूली तीखी लगती है, केला मीठा होता है । फिर भी चीनी या नमक नहीं डाला जाता । यहाँ विवेक की आवश्यकता है । लेकिन भक्ति में भाव मिलाया जाता है । भाव हो तो भक्ति मीठी लगती है । आप की चाहे जितनी भी भूल हो लेकिन भाव हो तो भगवान भूल को माफ कर देते है । कडवा वचन भी मीठा लगता है यदि भाव से बोला गया हो तो ? इसलिये भजन करो, भक्ति करो, सेवा करो, सत्संग करो - सब कुछ भाव से करो ।

भाव सहित भूधरजीने भेंटी,
चरणे लागी हूँ तो लडी-लडी ॥

भाव ग्राही जनार्दनम् ।

प्रिय बाल मित्रो ! सत्संग में भाव की जीत होती है। विवेक में दिखावा नही होना चाहिये। प्रत्येक क्षेत्र में विवेक की आवश्यकता होती है, विवेक से शोभा बढ जाती है। इसी लिये कहा गयाहै कि -

''विवेकः दशमो निधिः''

●

"भक्त में शूरवीरता होनी चाहिए"

- नारायण वी. जानी (गांधीनगर)

वात सतयुग की हो या कलियुग की - बात दोनो में एक जैसी ही है। वह है शूरवीरता। सच्चा शूरवीर ही काम कर सकता है। ढीला पोचा काम नही कर सकता है। जीवन में कोई भी वात हो, कोई भी कार्य हो लेकिन शूरवीरता के विना कुछ भी संभव नहीं है। ब्रह्मानंद स्वामी इसीलिये लिखते है कि ''हरिनो मारग छे शूरानो'' ढीला पोचा आदमी भक्ति भी नहीं कर सकता। भक्ति करनी हो और यह विचार करे कि कौन क्या कहेगा ? ऐसा कैसे हो सकता है ? ..... ऐसे कमजोर आदमी की भक्ति मार्ग में जरुरत नहीं है, इस में तो अपने इष्टदेव में समर्पित भाव हो कुर्वान कर देने की तमन्ना हो तो ही भक्ति सुशोभित होगी। बात है कोटेश्वर साबरमती नदी के किनारे बसे हुये गाँव कोटेश्वर की, वहाँ पर कोटेश्वर महादेव का बहुत बड़ा मंदिर है। यह मंदिर किसी शूरवीर भक्त कीगाथा गाता हुआ खड़ा है। इस गांव का भक्त जो शूरवीर था उसका नाम था ''झवेर''। जैसा नाम वैसा गुण। उसके देखने से लगता कि साक्षात् अलंकार का दर्शन हो रहा हो। एकवार संत विचरण करते हुए साबरमती के किनारे रुके। रात्रि में भजन किये, कीर्तन गाये, कथा किये, ध्रुव-प्रदलाद इत्यादि के आख्यान सुनाये। इष्टदेव श्रीहरि के प्रगटपना का स्मरण कराकर धन्य हो गये। साधु-संत कुछ दिन तक वहाँ रुके। प्रतिदिन सुंदर वात करते। गाँव के बहुत सारे लोग इस कथा में आते जिसमें जवेर का जीवनतो संतो कीवाणी को सुनकर बदल ही गया। सभी पर उपदेश का असर त्वरित नहीं पडता। जगत में अच्छी वस्तु की असर कम पडती है। लेकिन खराब वस्तु की असर जल्दी पड़ जाती है। जो भक्त हो उसे कथा-वार्ता सत्संग की असर तुरंत बड जाती है।

वह जवेर भक्त पूर्व का मुमुक्षुजीव था।

उसे सत्संग की असर हुई और संतो से कंठी बंधवाई। पंचवर्तमान धारण किया। चार-पांच दिन में संत वहाँ से प्रस्थान कर गये। लेकिन जवेर भक्त में सत्संग की शक्ति भरते गये। प्रतिदिन प्रातः उठ कर जवेर साबरमती में स्नान करने जाता। रास्ते में आते जाते स्वामिनारायण - स्वामिनारायण नाम मंत्र का उच्चारण करता जाता। भजन भी गाता तो उच्चस्वर से। अब जो विघ्न संतोषी थे उनके पेट में दुःखने लगा। वे जवेर को परेशान करते और कहते कि तुम्हारा स्वामिनारायण झूठा है और तुम्हारी भक्ति भी झूठी है। शूरवीर किसका नाम ? जवेर भक्त बड़ी निर्भयता से कह देता कि स्वामिनारायण सच्चे, मेरी भक्ति भी सच्ची। वे दुष्ट लोग एकत्रित होकर निर्णय किये कि- इसकी सत्यता जाननी है - वे पूछे कि तुम्हारे स्वामिनारायण सही हैं और तूं सही है तो इस मंदिर के गुंवज के ऊपर से नीचे कूद कर सत्य सावित करो। यह सत्यता साबित हो जायेगी तो हम भी तुम्हारे जैसे भक्त बन जायेंगे।

जवेर भक्त बड़ी निडरता के साथ विना घवडाये कोटेश्वर महादेव मंदिर के उपर चढ गया। दुष्ट लोग सोचने लगे कि अब हम लोगों का काम तो हो गया। उधर जवेर भक्त भगवान का नाम लेते हुये स्वामिनारायण स्वामिनारायण की भजन करते हुये मंदिर के ऊपर से कूद पडा। इतनी ऊंचाई से कूदने वाले का एक भी अस्थिपंजर शेष नही बचता है जब कि जवेर भक्त को कोई आंच तक नहीं आई। मानो भगवान स्वामिनारायण ने उसे हाथ से उठा लिया हो। अब क्या करें दुर्जनो का मुख सदा के लिये बन्द हो गया। लेकिन अन्य जो इस दृश्य को देख रहे थे भगवान स्वामिनारायण के आश्रित हो गये।

मित्रो ! ख्याल आया ? भगवान किस की सहायता करते हैं। जो प्रभु के नाम पर अपना सर्वस्व कुर्बान कर देते हैं ऐसे शूरवीर की प्रभु रक्षा करते हैं। इसी तरह हम भी शूरवीरता को प्राप्त करें ऐसी इष्टदेव भगवान स्वामिनरायण के चरणों में प्रार्थना।

भक्तिसुधा

परम पूज्य गादीवालाश्री का सत्संग विचरण

सर्वोपरि सर्व अवतार के अवतारी इष्टदेव भगवान स्वामिनारायण इस संप्रदाय की ऐसी प्रणालिका बनाई है जो यह ब्रह्मांड जब तक रहेगा तब तक चलने वाली है।

तीन गूढ संकल्पो में से आचार्य महाराजश्री का स्थान संप्रदाय में ऊँचा, श्रेष्ठ तथा अलौकिक है। अपने प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री द्वारा जो जो सत्संग की प्रवृत्ति होती है वह आप सभी श्री स्वामिनारायण मासिक के माध्यम से जानते हैं। परंतु समस्त बहनों की धर्मगुरु प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री द्वारा सत्संग की प्रवृत्ति से लगभग सभी लोग जानकार हैं। अनजान कोई नहीं है। कारण यह कि श्रीहरि द्वारा बनाई गई मर्यादा में ही अपने नियम का पालन करती हैं साथ में बहनो को भी करवाती है। सन् २०११ से सन् २०१६ तक श्रीनरनारायणदेव देश के गाँवो में कुल ३१०८ सत्संग सभा आपकी उपस्थिति में हुई है, यह अविरत चालू भी है। रात-दिन विना आराम किये गर्मी, ठन्ढी, बरसात या अन्य विकट परिस्थिति में भी सत्संग का कैसे पोषण हो तथा अधिक से

अधिक मुमुक्षुजीव शरण में आवे, उनका भी सरलता से कल्याण हो, सभी सुखी हों, ऐसे पवित्र विचार से त्याग भावना के साथ लगी रहती हैं। यह विचार मात्र धर्मकुल में देखने को मिलता है अन्यत्र कहाँ मिलेगा। ऊपर के सत्संग को सभी की संख्या वर्ष के भीतर ५०० तथा ५० जितनी सभा प्रतिदिन की कही जायेगी। अपने निवास स्थान पर प.पू. लालजी महाराजश्री या पू. श्रीराजा के लिये भी समय निकालपाना बडा कठिन हो जाता है, सत्संग में सां.यो. बहनो द्वारा महिला पारायण भी यदा कदा करवाती रहती है। जिसका हिसाब इस लेख में छपा हुआ है। पू. श्रीराजा तो एकदम छोटी कही जायेंगी फिरभी उनकी अध्यक्षता में भी वालिकाओं के शिबिर का आयोजन किया जाता है। उनकी प्रवृत्ति की स्मरणिका का साथ में है। प.पू. गादीवालाजी तो प.पू. लालजी महाराजश्री तथा पू. श्रीराजा जब बहुत छोटे थे तब से प्रातः कच्छ के गाँवमे में ५००-५०० कि.मी. जाकर सत्संग की प्रवृत्ति कराती थी अपितु जब तक सम्पूर्ण उत्सव पूरा न हो जाय अन्तिम आशीर्वाद सम्पन्न होने के बाद मंत्र दीक्षा, पंच वर्तमान की विधिसम्पन्न होने के बाद रात्रि में आती थी वह इस लिये कि प.पू. लालजीमहाराजश्री तथा पू. श्रीराजा रात्रि में अकेली न रह जांय।

सत्संग की तथा धर्म की प्रवृत्ति उन्हीं के मस्तक पर है। इसलिये वह प्रवृत्ति करते रहते हैं। परंतु समाज सेवा की सुवास भी कम नहीं है। धर्मकुल में तो दयालुता, आत्मीयता, संतोषीपना, भोलापना बड़ी सरलता, शालीनता भरी पड़ी हुई है। इसलिये जब किसी गरीब को देखते हैं तो मन में करुणा का भाव उमड पडता है। जब तक उसकी मदद नहीं करते तब तक उन्हें नींद नही आती

परम पूज्य गादीवालाजी के सानिध्य में हुये शिबिर

